हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, रविवार 1 मार्च 2026

13 हिंदू आबादी में गिरावट चिंता का विषय...



14 2 करोड़ रुपये से बनने वाली सात विकास परियोजनाओं...



## हथियार बरामदगी के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास

# 50 लाख रंगदारी मांगने वाले बदमाश को पुलिस एनकाउंटर में लगी गोली

■ अनुराग को हथियारों की बरामदगी के लिए घटनास्थल पर लेकर गई थी पुलिस टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुरानी सब्जी मंडी के सामने स्थित छोटू स्वीट्स पर पर्ची फेंक 50 लाख की रंगदारी मांगने वाला बदमाश पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने उपचार के लिए हांसी नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हिसार रेफर कर दिया गया। जहां आरोपी बदमाश उपचाराधीन है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस टीम आरोपी अनुराग को हथियारों की बरामदगी के लिए घटनास्थल पर लेकर गई थी, जहां उसने अवैध हथियार से पुलिस पर फायरिंग कर दी और मौके से भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस द्वारा अपने बचाव की गई क्रॉस फायरिंग में अनुराग के पैर में एक गोली लगी है। इसके बाद पुलिस ने उसे काबू कर उपचार के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मुंढाल के पास सुंदर नहर पुल पर की फायरिंग



हांसी। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन 50 लाख की रंगदारी मांगने वाला आरोपी अनुराग।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि अनुराग उर्फ बासु व हिमांशु बिहार के छपरा जिले के गांव खुगरी के रहने है तथा वर्तमान में दोनों हिसार चुंगी के समीप स्थित विकास नगर रहते हैं। उन्होंने बताया कि अनुराग 12वीं पास है और हांसी के एक प्रसिद्ध चिकन कॉर्नर पर काम करता है, जबकि दूसरा आरोपी हिमांशु मजदूरी करता है। उन्होंने बताया कि आरोपी अनुराग ने अपने एक दोस्त हिमांशु के साथ मिलकर शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे छोटू स्वीट्स पर पर्ची फेंक 50 लाख की रंगदारी मांगी थी। इसके बाद नारनौंद सीआईए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर पहचान कर वारदात के मात्र दो घंटे के अंदर दोनों आरोपितों को गीता चौक से गिरफ्तार कर लिया था और बाद पुलिस पकड़े गए आरोपितों की निशानदेही पर हथियार बरामदगी के लिए रात करीब 11 बजे उन्हें मुंढाल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सुंदर नहर पुल पर लेकर गई थी। वहां निशानदेही के दौरान अनुराग ने पहले से लोडिड अवैध कट्टे से पुलिस पर फायरिंग कर मौके से भागने का प्रयास किया।

### पैर में गोली मारकर पकड़ा

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ के दौरान अनुराग ने सोरखी मुंढाल के बीच छिपाए गए अवैध हथियार के बारे में जानकारी दी थी। इसके बाद स्पेशल स्टाफ पुलिस अनुराग को हथियार बरामदगी के लिए सोरखी मुंढाल सुंदर नहर पुल पर लेकर गई थी जहां अनुराग ने अवैध हथियार से पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने अपने बचाव करते हुए उसके पैर में गोली मारकर पकड़ लिया। इसके बाद उसे पहले सोरखी सीएचसी व उसके हांसी नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने अनुराग के पास से अवैध पिस्तोल व हिमांशु से घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

### घर से मां की दवाई लेने गया था: पिता

आरोपी अनुराग के पिता के पैरों की कुछ ही दिन पहले सर्जरी हुई है। उन्होंने बताया कि उनकी चार बेटियां और एक बेटा अनुराग है। अनुराग ने दसवीं तक की पढ़ाई स्कूल और 12वीं ओपन बोर्ड से पूरी की। उन्होंने बताया कि अनुराग शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अपनी मां की दवा लेकर आने की कहकर घर से निकला था। उसका दोस्त हिमांशु उसे घर से लेने के लिए आया था। इसके बाद उन्होंने क्या किया, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि हिमांशु उनके घर के पास ही किराए के मकान में रहता है।

## गढ़ी के पास हादसे में गई युवक की जान

■ कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक का संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा, दो घायल, पुलिस ने शुरू की मामले की छानबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

हांसी-दिल्ली सड़क मार्ग पर गांव गढ़ी के पास सड़क पर कुत्ते को बचाने के मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया। इससे मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की मौत हो गई और दो युवक घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

हिसार की लघु सचिवालय कॉलोनी निवासी लोकराज ने बताया कि 27 फरवरी की रात को उसका दोस्त उत्तराखंड के गांव आरा निवासी एवं वर्तमान में हिसार के जवाहर नगर में रहने वाले 23 वर्षीय नीरज उसके पास आया। कुछ देर बाद नीरज के भाई के लड़के दीपक का फोन उसके पास आया और उससे मिलने के लिए वे महम के चल पड़े। रास्ते में टैक्सी स्टैंड पर बिश्नोई कॉलोनी के रहने वाले रामराज उर्फ गोलू मिल गया वह भी उनके साथ चल पड़ा। जब वे हांसी से आगे गांव गढ़ी के पास पहुंचे तो अचानक से मोटरसाइकिल के आगे कुत्ता आ गया। उसको बचाने के लिए मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वे तीनों सड़क पर गिर गए। जिसमें नीरज के सिर में गहरी चोट लगी।

रामराज और लोकराज को भी चोट लगी। उन्होंने 112 नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन मोबाइल फोन नहीं मिला। फिर किसी राहगीर को रुकवा कर उन्होंने उसके फोन से 112 नंबर और एंबुलेंस से संपर्क किया कुछ ही देर बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई और सभी घायलों को इलाज के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर नीरज की गंभीर हालत को देखते हुए उसको अग्रोहा मेडिकल में रेफर कर दिया। वहां पहुंचे ही डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों के हवाले कर दिया।

## खबर संक्षेप

### बाजारों और मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। शनिवार को अभियान की शुरुआत जिंदल चौक से अतिक्रमण हटाकर की। इसके बाद टीम ने एमसी-डीसी कॉलोनी मार्केट, निरंकारी भवन रोड से अतिक्रमण हटवाया। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि टीम ने राजगुरु मार्केट से अतिक्रमण हटाने के साथ सामान भी जब्त किया। तलाकी गेट से ऋषि नगर रोड व बस स्टैण्ड के आस-पास के क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाया गया। इसके बाद टीम ने बस स्टैण्ड से बरवाला चुंगी बरवाला चुंगी से नेशनल हाईवे पुल तक अतिक्रमण हटवाया। इसके बाद टीम ने बस स्टैण्ड से सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटवाया। भगत सिंह चौक के आसपास से अतिक्रमण हटवाया गया।

### आरोही स्कूल खेड़ी लोहचब में आज होगी प्रवेश परीक्षा

**नारनौंद।** उपमंडल के आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी लोहचब में प्रवेश परीक्षा एक मार्च को आयोजित करवाई जाएगी। जिसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। स्कूल के प्रिंसिपल कृष्ण बामल व राजेश कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले काफी सालों से स्कूल का परिणाम काफी सहरानीय रहा है। स्कूल में छात्रों के लिए निःशुल्क हॉस्टल की व्यवस्था भी है। इस सत्र के लिए कक्षा छठी, सातवीं, आठवीं, नौवीं और 11वीं में प्रवेश लेने के लिए परीक्षा एक मार्च को स्कूल के प्रांगण में ही आयोजित होगी। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा देने के लिए छात्राओं को अपने साथ आधार कार्ड और रोल नंबर साथ लेकर आना होगा। परीक्षा का परिणाम जल्द ही घोषित कर दिया जाएगा।

### भीम आर्मी का 'भाईचारा बनाओ सम्मेलन' आज से

**हांसी।** भीम आर्मी हांसी की ओर से एक मार्च को 'भाईचारा बनाओ सम्मेलन' का आयोजन अम्बेडकर भवन एवं छात्रावास हांसी में किया जाएगा। सम्मेलन में भीम आर्मी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष कमल कुमार बराड़ा मुख्य अतिथि होंगे जबकि अध्यक्षता प्रदेश महासचिव संतलाल अंबेडकर करेंगे। सम्मेलन को लेकर संगठन की ओर से गांव-गांव संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कार्यकर्ता विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सम्मेलन के उद्देश्य से अवगत करा रहे हैं और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान कर रहे हैं।

### गुजवि ने विभिन्न विषयों का परिणाम घोषित किया

**हिसार।** गुजवि ने विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2025 में हुई बीएससी ऑनर्स मैथेमेटिक्स कोर्स कोड-257 पंचम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, बीसीए तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2023, बीबीए पंचम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, बीबीए तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2023, बीबीए तृतीय व पंचम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, बीएएमसी पंचम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, बीए एलएलबी ऑनर्स पंचवर्षीय इंटेग्रेटिड कार्यक्रम प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2024 व बीए एलएलबी ऑनर्स पंचवर्षीय इंटेग्रेटिड कार्यक्रम तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### निगम ने 30 बेसहारा पशु भेजे गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में पशु पकड़ो अभियान चलाया। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम की टीम ने मिर्जापुर रोड़, रामनगर, आजाद नगर, मिलगेट, शिव चौक, अर्बन एस्टेट, सेक्टर 1-4 से 30 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गौ-अभ्यारण भेज दिया गया है। नगर निगम की टीम के साथ पुलिस भी मौजूद रही।

## मल्लापुर में शिकारी कुत्तों ने हिरण के बच्चों पर किया हमला, एक की मौत

### महिला ने सामना कर दो बच्चों की जान बचाई

■ जीव रक्षा टीम ने की महिला के साहस की सराहना, बताया जीव रक्षा का उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आदमपुर क्षेत्र के गांव मल्लापुर के खेतों में शिकारी कुत्तों ने हिरण के दो बच्चों पर हमला करके उन्हें घायल कर दिया। साधुराम वाल्मीकि की ढाणी के पास हुई इस घटना के बाद साधुराम की धर्मपत्नी ने शिकारी कुत्तों से हिरण के इन दोनों बच्चों की जान बचाई।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना जीव रक्षा से विनोद खिलेरी को दी। इस पर मोनू खिलेरी व रॉबिन बैनीवाल रात का समय होने के कारण इन दोनों बच्चों को विनोद की ढाणी में लेकर आए और सूचना वाइल्ड लाइफ इंस्पेक्टर दिनेश जांगड़ा को दी। हिरण के एक बच्चे को चोट ज्यादा होने के कारण उसकी मौत हो गई जबकि दूसरे को डियर पार्क हिसार भिजवाया गया। विनोद खिलेरी के अनुसार साधुराम वाल्मीकि की धर्मपत्नी ने इतना साहस दिखाया कि शिकारी कुत्तों को काफी दूर तक भगाया और हिरण के बच्चों को संभाला।

उन्होंने कहा कि मल्लापुर गांव में 36 बिरादरी का जीव प्रेम का यह एक संदेश भी है। पहले भी एक दो बार हिरण के बच्चे को इन्होंने बचाया है। इनकी ढाणी के पास लगभग 200-300 हिरण है। इस मौके पर भागीरथ बेनीवाल भी वहीं मौजूद थे। विनोद खिलेरी के अनुसार जीवों से प्रेम करने वाली ऐसी महिला जीव रक्षा का बड़ा उदाहरण है।

## दस्तावेजों से भरे 3 सूटकेस साथ ले गई आयकर टीम

**हिसार।** शहर के न्यूरो सर्जन के आवास, अस्पतालों तथा उनके विश्वासपात्रों व रिश्तेदारों के यहां चार दिन तक जांच करने के बाद शनिवार की शाम करीब 5 बजे आयकर विभाग तथा सीजीएसटी की सभी टीम यहां से रवाना हो गई। रवाना होने से पूर्व जांच टीम अपने साथ दस्तावेजों से भरे 3-4 सूटकेस भी अपने साथ ले गई। आयकर विभाग अब आयकर अधिनियम के तहत आगामी कार्रवाई करेगा। चार दिन चली जांच में वित्तीय लेन-देन को लेकर बड़ी गड़बड़ियां पकड़े जाने की सूचना आ रही हैं। बता दें कि बुधवार की सुबह आयकर व सीजीएसटी विभाग के करीब 125 अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहर के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन के आवास तथा उनके अस्पतालों पर सर्वे की कार्रवाई शुरू कर थी। जैसे-जैसे जांच बढ़ती गई टीमों ने न्यूरो सर्जन के विश्वासपात्रों तथा रिश्तेदारों को भी लपेटे में ले लिया। इस दौरान टीमों ने वित्तीय लेन-देन पर अपना पूरा फोकस रखा। टीमों ने न्यूरो सर्जन से जुड़े बैंक खातों की भी डिटेल जुटाई है।

## बेटी की शादी के कार्ड बांटते पिता ने बस के सामने कूदकर की खुदकुशी

■ श्री काली देवी मंदिर चौक के पास हुई घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी मंदिर चौक के समीप शनिवार दोपहर सड़क पर बस स्टैंड की ओर जा रहे एक व्यक्ति ने बस के आगे छलांग लगा दी। अचानक छलांग लगाने के बस उन्हें कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के वक्त देवी सिंह के हाथों में बेटी की शादी के कार्ड थे। लोगों ने उसे तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हिसार रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे हिसार के एक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मृतक की पहचान पुट्टी मंगल खां निवासी 60 वर्षीय देवी सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, देवी सिंह अपनी बेटी की 11 मार्च को होने वाली शादी के कार्ड बांटने के लिए घर से निकले थे। घटना के बाद परिवार में गहरा शोक छा गया है और घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। वहीं परिजनों को देवी सिंह द्वारा बस के सामने छलांग लगाने की बात पर विश्वास नहीं हो पा रहा है।

### 11 को है बेटी की शादी, खुशियां मातम में बदलीं

परिजनों के अनुसार घर पर विवाह समारोह की तैयारियां चल रही थी और घर में किसी प्रकार का तनाव या किसी के साथ कहा सुनी नहीं हुई। सूचना मिलते ही बस स्टैंड चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और बस को साइड में करवा कर यातायात को सुचारू करवाया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। गांव पुट्टी मंगल खां के सरपंच सुरेंद्र ने बताया कि गांव में देवी सिंह का परिवार सामाजिक रूप से खुशहाल माना जाता है। देवी सिंह द्वारा यह कदम उठाने के पीछे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और विभिन्न पहलुओं से पड़ताल जारी है।

### युवक से मारपीट, छुड़ाने गई मां-बहन को भी घर में बंद कर पीटा, केस दर्ज

**हिसार।** आजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव दुबेटा में युवक पर चोरी का आरोप लगाकर उससे मारपीट की गई। आरोप है कि युवक को बचाने पहुंची उसकी मां और बहन को भी घर में बंद करके पीटा गया। शिकायतकर्ता राहुल ने आजाद नगर थाना पुलिस ने बलजीत, ईश्वर, उमेद, राजकुमार, राज सांगवान, कृष्णा, अनिल, वनेश, अमित और कृष्ण पंघाल के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि घटना के बाद परिवार डरा हुआ था, इसलिए तुरंत शिकायत नहीं दी। बाद में पुलिस के बुलाने पर चौकी पहुंचकर शिकायत दी गई, जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया। मारपीट में राहुल, उसकी मां यशवंती और अंकित को चोटें आईं, जिनका सरकारी अस्पताल में मेडिकल करवाया गया। शिकायतकर्ता राहुल ने पुलिस को बताया कि आरोपी पक्ष से उसे और उसके परिवार को दोबारा हमले का खतरा है। पुलिस को दी शिकायत में राहुल ने बताया कि गत 25 फरवरी को उसके दोस्त अंकित का गैस सिलेंडर चोरी हो गया था। जब वह अंकित के घर पहुंचा, तो वहां मौजूद कुछ लोगों ने उस पर चोरी का आरोप लगाते हुए जातिसूचक शब्द कहे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौच शुरू कर दी और उसके साथ मारपीट कर उसे घसीटकर घर के अंदर ले गए तथा गेट बंद कर दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार उसे छुड़ाने आई उसकी मां यशवंती और बहन को भी घर के अंदर बंद कर दिया गया। आरोप है कि एक महिला आरोपी ने उसकी मां के साथ मारपीट की, जबकि अन्य आरोपी बाहर खड़े होकर किसी को अंदर नहीं जाने दे रहे थे।

## आदमपुर स्टेशन पर दूसरी ओर प्लेटफार्म निर्माण शुरू

### छह माह में हो जाएगा तैयार



**आदमपुर।** रेलवे स्टेशन पर दूसरी तरफ रेलवे प्लेटफार्म बनाने का कार्य शुरू हो गया है। इसका शुभांरभ स्टेशन मास्टर बीएल सैनी एवं कई समाज सेवियों ने संयुक्त रूप से किया। स्टेशन मास्टर बीएल सैनी ने बताया कि दूसरी तरफ प्लेटफार्म बनने से यात्रियों को चढ़ने उतरने में परेशानी नहीं होगी। इसके अलावा पैदल गामी पुल भी बनाया जाएगा ताकि एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आना जाना आसानी से हो सके। इस मौके पर जेई पवन सैनी ने बताया कि प्लेटफॉर्म 560 मीटर लंबा व 12 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा तथा पीछे की साइड में दीवार भी बनेगी। इसके अलावा रेलवे स्टेशन पर लोहे का पैदलगामी में पुल भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वे जल्द से जल्द इसका निर्माण कार्य पूरा करेंगे। एक साल का समय उन्हें दिया गया है लेकिन हम चाहेंगे कि जनहित में 6 महीने में दोनों काम पूरे कर दिए जाएं। इस मौके पर दिलबाग सिंह, ज्ञान सिंह, महेंद्र वर्मा, विनोद वर्मा, मोतीलाल गोयल सहित इंदर शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दिए एनएच 9 पर ओवरब्रिज व सर्विस लेन बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



■ कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा की ओर से पत्र लिखकर की गई मांग पर कार्यवाही करते हुए अधिकारियों को दिए गए हैं दिशा-निर्देश

■ राजमार्ग नंबर 52 पर लाइटें, साइन बोर्ड लगाने सहित अन्य सुरक्षा उपायों को लेकर भी दी गई हिदायत

केंद्रीय परिवहन एवं सडक़ राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा द्वारा हिसार से गुजर रहे राजमार्ग नंबर 9 पर ओवरब्रिज बनाने, सर्विस लेन बनाने सहित अन्य सुरक्षा उपायों को लेकर लिखे गए पत्र पर कार्यवाही करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं।

इस संबंध में उन्होंने कैबिनेट मंत्री को पत्र लिखकर अवगत करवाया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 9 पर रायपुर रोड के समीप ओवरब्रिज के निर्माण, एयरपोर्ट चौक के समीप धांसू-तलवंडी राणा रोड पर सर्विस लेन के निर्माण, रायपुर बाइपास चौक के समीप तथा सरसौद के जल संयंत्र के पास स्थित सनराइज स्कूल के समीप रंबल स्ट्रिप लगाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दे दिए गए हैं। इसी प्रकार से राजमार्ग नंबर 52 पर बरवाला बादपास के समीप बने अंडरपास पर लाइटें लगवाने का रफ कोस्ट एस्टिमेट बनाया जा रहा है और जल्द ही इसका टेंडर भी लगा दिया जाएगा। इसके अलावा राजमार्ग नंबर 9 पर गांव भगाणा की तरफ साइन बोर्ड लगाने की दिशा में अधिकारियों को हिदायत दे दी गई है।

## दयानंद महाविद्यालय में 72वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन

# 5000 मीटर रेस में पूनम और संदीप दौड़े सबसे तेज

पूनम व संदीप ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता प्राचार्य डॉ. विक्रम जीत सिंह ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हिसार। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ.विक्रमजीत सिंह व अन्य।

दयानंद महाविद्यालय में 72वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम जीत सिंह एवं उनकी पत्नी शोभा चहल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च-पास्ट एवं खेल ध्वज फहराकर की गई। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों में राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करना हर एथलीट का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। प्रतियोगिता में बीए द्वितिय वर्ष के संदीप को पुरुष वर्ग में तथा महिला वर्ग में पूनम को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता। प्राचार्य व अन्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुरजीत कौर ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में डा. महेन्द्र सिंह, डा, विवके श्रीवस्तव, प्रो. सुनील ढुकिया, प्रो.जयबीर, प्रो. पूजा कलोई एवं प्रो.रविंद्र आदि उपस्थित रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिताओं के परिणाम

शॉट पुट पुरुष में बीए सेकेंड के सौरभ ने प्रथम, बीससी सेकेंड के आयुश ने द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष के रोहीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट महिला में बीए सेकेंड की पूनम ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की प्रिया ने द्वितीय व बीए फाइनल की नीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो पुरुष में बीए फाइनल के अनूप ने प्रथम, बीए सेकेंड के संदीप ने द्वितीय व बीए फाइनल के सोरभ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो महिला में बीए सेकेंड की पूनम ने प्रथम, बीए फाइनल की कोमल ने द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ पुरुष में बीए फाइनल के अजीत ने प्रथम, बीए सेकेंड के संदीप ने द्वितीय व बीससी सेकेंड के अमीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ महिला में बीए सेकेंड की पूनम ने प्रथम, बीए फाइनल की नीशा ने द्वितीय व बीए फाइनल की कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप पुरुष में बीए सेकेंड के संदीप ने प्रथम, बीए फाइनल के अजीत ने द्वितीय व बीकाम तृतीय कक्षा के ध्रुव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप महिला में बीए तृतीय कक्षा की निशा ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय व बीए सेकेंड की पूनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर रेस महिला में बीए सेकेंड की पूनम ने प्रथम, बीए फाइनल की नीशा ने द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर रेस पुरुष में बीए सेकेंड के संदीप ने प्रथम, बीए सेकेंड के मनोज ने द्वितीय व बीए फाइनल के अजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर रेस महिला में बीए सेकेंड की पूनम ने प्रथम, बीए फाइनल की नीशा ने द्वितीय व बीए फाइनल की कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर रेस पुरुष में बीए फाइनल के अजीत ने प्रथम, बीए सेकेंड के संदिप ने द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष के रोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रेस महिला में बीए सेकेंड की पूनम ने प्रथम, बीए फाइनल की कोमल ने द्वितीय व बीए फाइनल की निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बरवाला क्षेत्र में ट्यूबवेल के तार चुराने के आरोप में दो लोग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

पुलिस ने खेतों में ट्यूबवेल की तार चोरी करने में मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। इनमें राजली निवासी अक्षय व सैनी मोहल्ला बरवाला के संदीप के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में खेदड़ गांव निवासी संदीप कुमार ने बरवाला थाना में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह खेतीबाड़ी करता है। गत 26 फरवरी को सायं लगभग 5–6 बजे वह अपने खेतों में काम करने गया तो देखा कि उसके ट्यूबवेल की तार कटी हुई थी। जांच करने पर पाया कि लगभग दो एकड़ में बिछी ट्यूबवेल की तार किसी ने काटकर चोरी कर ली। आसपास तलाश करने पर भी चोरी गई तार बरामद नहीं हुई। शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए पुलिस ने गांव खेदड़ के नजदीक थर्मल प्लांट क्षेत्र से इन दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा तार बरामद करके उन्हें अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी अक्षय पर चोरी का पहले भी एक मुकदमा दर्ज है जबकि संदीप पर चोरी के दो मुकदमे दर्ज है।

# होली से समझें निवेश के चटख रंग
# लाल पीला, हरा या नीला

**किस 'रंग' के एसेट में कितना पैसा लगाने से भविष्य होगा मजबूत**

**गोल्ड, इक्विटी, डेब्ट और हाई-रिस्क निवेश में उम्र के हिसाब से पैसा लगाएं**

*होली का आनंद तभी है जब हर रंग का संतुलित मिश्रण हो। ठीक वैसे ही निवेश में भी संतुलन जरूरी है। यदि आप इन चारों रंगों का सही तालमेल बिठा लेते हैं, तो आपका भविष्य आर्थिक रूप से मजबूत और सुरक्षित बन सकता है। इस होली केवल गुलाल न उड़ाएं, बल्कि अपने वित्तीय जीवन को भी नए रंग दें। अनुशासन, धैर्य और संतुलन यही है सफल निवेश का मंत्र। जब आपका पोर्टफोलियो संतुलित होगा, तभी आपका भविष्य सच में रंगीन व खुशहाल होगा।*



निवेश मंत्रा
सेंट्रल डेस्क

होली का त्योहार रंगों, उमंग और नई शुरुआत का प्रतीक है। जैसे होली के हर रंग का अपना महत्व होता है, वैसे ही निवेश की दुनिया में भी हर एसेट क्लास की अलग भूमिका होती है। अक्सर लोग निवेश को लेकर दो बड़ी गलतियां करते हैं या तो सारा पैसा सुरक्षित समझकर एफडी और बचत खाते में डाल देते हैं, या फिर तेजी के लालच में पूरा धन शेयर बाजार में लगा देते हैं। दोनों ही स्थितियां लंबे समय में संतुलित नहीं मानी जातीं। असल में मजबूत वित्तीय भविष्य का राज डायवर्सिफिकेशन यानी संतुलित निवेश में छिपा है। यदि आपके पोर्टफोलियो में पीला (गोल्ड), हरा (इक्विटी), नीला (डेब्ट) और थोड़ा सा लाल (हाई-रिस्क) रंग सही अनुपात में हो, तो आपका आर्थिक जीवन भी होली की तरह रंगीन और संतुलित बन सकता है।

### पीला रंग
### गोल्ड, सुरक्षा व स्थायित्व

भारत में सोना सिर्फ धातु नहीं, भावनात्मक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। निवेश की दृष्टि से गोल्ड को सेफ हेवन कहा जाता है। जब शेयर बाजार में गिरावट आती है, आर्थिक अनिश्चितता बढ़ती है या वैश्विक तनाव होता है, तब सोना अक्सर स्थिरता प्रदान करता है। गोल्ड का मुख्य उद्देश्य तेज रिटर्न देना नहीं, बल्कि पोर्टफोलियो को संतुलित रखना है। यह महंगाई के खिलाफ एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, कुल निवेश का लगभग 10% से 15% हिस्सा गोल्ड में होना चाहिए। इससे ज्यादा निवेश करने से ग्रोथ प्रभावित हो सकती है। आज के समय में फिजिकल गोल्ड की बजाय सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड, गोल्ड ईटीएफ या डिजिटल गोल्ड बेहतर विकल्प माने जाते हैं। इससे शुद्धता, सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहती है।

### हरा रंग
### इक्विटी ग्रोथ का असली इंजन

हरा रंग खुशहाली और तरक्की का प्रतीक है। निवेश में यह इक्विटी यानी शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड को दर्शाता है। यदि आपका लक्ष्य लंबी अवधि में संपत्ति बनाना है जैसे रिटायरमेंट, बच्चों की उच्च शिक्षा या वित्तीय स्वतंत्रता—तो इक्विटी से बेहतर विकल्प मुश्किल है। इतिहास बताता है कि लंबी अवधि (15–20 वर्ष) में इक्विटी ने अन्य एसेट क्लास की तुलना में बेहतर रिटर्न दिए हैं। हालांकि इसमें उतार-चढ़ाव रहता है, लेकिन समय के साथ यह अस्थिरता संतुलित हो जाती है। एक सरल फॉर्मूला यह है कि 100 में से अपनी उम्र घटाइए जो संख्या आए, उतना प्रतिशत इक्विटी में निवेश किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि आपकी उम्र 30 वर्ष है, तो लगभग 70% तक इक्विटी में निवेश संभव है (जोखिम सहने की क्षमता के अनुसार)। नए निवेशकों के लिए सीधे शेयर खरीदने की बजाय एसआईपी के माध्यम से डायवर्सिफाइड म्यूचुअल फंड में निवेश करना बेहतर रहता है। इससे बाजार के उतार-चढ़ाव का प्रभाव कम होता है और नियमित निवेश की आदत बनती है।

### नीला रंग : डेब्ट/एफडी :
### स्थिरता और भरोसा

नीला रंग शांति और संतुलन का प्रतीक है। निवेश में यह डेब्ट इंस्ट्रूमेंट्स जैसे फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), डेब्ट म्यूचुअल फंड और बॉन्ड को दर्शाता है। डेब्ट का उद्देश्य पूंजी की सुरक्षा और स्थिर रिटर्न देना है। यह उन लक्ष्यों के लिए जरूरी है जो निकट भविष्य में पूरे करने हैं, जैसे बच्चों की पढ़ाई, घर की डाउन पेमेंट या इमरजेंसी फंड। हर व्यक्ति को कम से कम 6 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड डेब्ट में रखना चाहिए। इससे अचानक नौकरी जाने, बीमारी या अन्य आर्थिक संकट की स्थिति में मदद मिलती है। डेब्ट का हिस्सा उम्र के साथ बढ़ाना समझदारी है। जैसे-जैसे रिटायरमेंट नजदीक आता है, जोखिम कम करना जरूरी हो जाता है। हालांकि एफडी सुरक्षित विकल्प है, लेकिन डेब्ट म्यूचुअल फंड या उच्च रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड भी बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। निवेश से पहले जोखिम और टैक्स प्रभाव को समझना जरूरी है।

### लाल रंग : हाई रिस्क, अवसर और सावधानी

लाल रंग ऊर्जा और जोश का प्रतीक है, लेकिन निवेश में यह सावधानी का संकेत भी देता है। इसमें क्रिप्टोकरेंसी, पेनी स्टॉक्स, स्मॉल कैप के अत्यधिक अस्थिर शेयर या ट्रेंड आधारित निवेश शामिल हो सकते हैं। इनमें कम समय में बड़ा रिटर्न मिलने की संभावना होती है, लेकिन नुकसान का खतरा भी उतना ही अधिक रहता है। इसलिए इसमें कुल निवेश का 2% से 5% से अधिक हिस्सा नहीं होना चाहिए। लाल रंग को मुख्य निवेश की तरह नहीं, बल्कि प्रयोगात्मक हिस्से की तरह देखें। यदि नुकसान हो भी जाए, तो आपकी कुल वित्तीय स्थिति पर बड़ा असर न पड़े।

### उम्र के अनुसार निवेश का संतुलन

उम्र के साथ वित्तीय प्राथमिकताएं बदलती हैं। इसलिए पोर्टफोलियो का संतुलन भी समय-समय पर बदलना चाहिए।

**20–30 वर्ष :** इस उम्र में जिम्मेदारियां कम और जोखिम लेने की क्षमता अधिक होती है। लगभग 70% इक्विटी, 20% डेब्ट और 10% गोल्ड उपयुक्त हो सकता है।

**30–45 वर्ष :** परिवार और जिम्मेदारियां बढ़ती हैं। इक्विटी 50–60%, डेब्ट 25–35% और गोल्ड 10–15% तक संतुलित रखा जा सकता है।

**45–55 वर्ष :** रिटायरमेंट की योजना बनानी शुरू कर दें। इक्विटी कम कर 30–40% रखें और डेब्ट 50% तक बढ़ाएं।

**60 वर्ष के बाद :** पूंजी की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। 60–70% डेब्ट, 10–20% गोल्ड और सीमित इक्विटी पर्याप्त है।

### इस होली करें पोर्टफोलियो की सफाई

- जैसे हम होली से पहले घर की सफाई करते हैं, वैसे ही निवेश की समीक्षा भी जरूरी है।
- उन निवेशों को हटाएं जो वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रहे हैं।
- यदि बाजार तेजी से बढ़ा है और इक्विटी का हिस्सा बहुत ज्यादा हो गया है, तो मुनाफा निकालकर डेब्ट या गोल्ड में ट्रांसफर करें।
- हर साल कम से कम एक बार री-बैलेंसिंग करें।
- छोटी राशि से भी नई एसआईपी शुरू करें। नियमित निवेश लंबी अवधि में बड़ा अंतर लाता है।
- बीमा और इमरजेंसी फंड को प्राथमिकता दें।

**ऐसे समझें महत्व**

- पीला रंग देता है सुरक्षा।
- हरा रंग देता है ग्रोथ।
- नीला रंग देता है स्थिरता।
- लाल रंग देता है अवसर।

## मल्टी-एसेट फंड्स का क्रेज, गोल्ड और सिल्वर ने चमकाई निवेशकों की किस्मत

जानकारी
सेंट्रल डेस्क

भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के दौर में निवेशकों का रुख तेजी से मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स (एमएएएफएस) की ओर बढ़ा है। अस्थिर बाजार में जहां पारंपरिक इक्विटी स्कीम्स के रिटर्न दबाव में रहे, वहीं इन फंड्स ने विविध एसेट क्लास में निवेश की रणनीति से निवेशकों को बेहतर संतुलित रिटर्न दिया। ताजा उद्योग आंकड़ों के अनुसार, इस कैटेगरी का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) पिछले एक साल में 72% बढ़कर करीब 1.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह उछाल बताता है कि निवेशक अब केवल शेयर बाजार पर निर्भर रहने के बजाय संतुलित और सुरक्षित विकल्पों की तलाश में हैं।

### गोल्ड और सिल्वर की रिकॉर्ड तेजी का असर

पिछले एक वर्ष में सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। वैल्यू रिसर्च के आंकड़ों के मुताबिक, मल्टी-एसेट फंड्स ने औसतन 23% का रिटर्न दिया, जबकि निफ्टी 50 ने इसी अवधि में लगभग 14.27% का रिटर्न दिया। इस बेहतर प्रदर्शन के पीछे प्रमुख कारण रहा कीमती धातुओं की चमक। चांदी की कीमतों में लगभग 171% और सोने में करीब 81% तक की तेजी दर्ज की गई। चूंकि मल्टी-एसेट फंड्स अपने पोर्टफोलियो में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ या संबंधित इंस्ट्रूमेंट्स शामिल करते हैं, इसलिए इनकी कीमतों में उछाल का सीधा फायदा निवेशकों को मिला।

### क्या हैं मल्टी-एसेट फंड्स?

मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स ऐसे हाइब्रिड म्यूचुअल फंड होते हैं जो कम से कम तीन एसेट क्लास में निवेश करते हैं। इनमें इक्विटी (शेयर), फिक्स्ड इनकम (बॉन्ड/डेट इंस्ट्रूमेंट) और कमोडिटी (मुख्यतः सोना और चांदी) शामिल हैं। इन फंड्स की सबसे बड़ी खासियत है ऑटोमैटिक रीबैलेंसिंग। यानी अगर शेयर बाजार बहुत तेजी से ऊपर जाता है और पोर्टफोलियो में इक्विटी का हिस्सा बढ़ जाता है, तो फंड मैनेजर मुनाफावसूली कर उस राशि को गोल्ड या डेट में शिफ्ट कर देता है। इसी तरह, यदि बाजार गिरता है तो कम कीमत पर इक्विटी बढ़ाई जाती है। इससे जोखिम संतुलित रहता है और निवेशक को बार-बार खुद निर्णय लेने की जरूरत नहीं पड़ती।



### अस्थिर बाजार में स्थिरता का सहारा

बाजार की अनिश्चितता के दौर में डायवर्सिफिकेशन (विविधीकरण) सबसे कारगर रणनीति मानी जाती है। मल्टी-एसेट फंड्स इसी सिद्धांत पर काम करते हैं। जब इक्विटी कमजोर होती है, तब डेट या गोल्ड सहारा देते हैं। वहीं तेजी के दौर में इक्विटी रिटर्न को आगे बढ़ाती है। वेल्थ मैनेजर्स का कहना है कि जिन निवेशकों के पास बाजार को लगातार ट्रैक करने का समय या अनुभव नहीं है, उनके लिए यह विकल्प बेहद उपयुक्त है। खासकर नए निवेशकों या मध्यम जोखिम लेने वालों के लिए ये फंड संतुलित रणनीति पेश करते हैं।

### टैक्स का फायदा भी बड़ा कारण

मल्टी-एसेट फंड्स की लोकप्रियता का एक बड़ा कारण टैक्स एफिशिएंसी भी है। यदि कोई निवेशक खुद शेयर बेचकर सोना खरीदता है या एसेट क्लास बदलता है, तो हर लेनदेन पर उसे कैपिटल गेन्स टैक्स देना पड़ता है। लेकिन फंड के भीतर फंड मैनेजर द्वारा की गई खरीद-फरोख्त पर निवेशक को अलग से टैक्स नहीं देना होता। यदि किसी मल्टी-एसेट फंड में इक्विटी का हिस्सा 65% या उससे अधिक है, तो वह टैक्स के लिहाज से इक्विटी फंड की श्रेणी में आता है। ऐसे में निवेशक को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स का लाभ मिलता है, जो अन्य विकल्पों की तुलना में अधिक फायदेमंद हो सकता है। यही वजह है कि टैक्स प्लानिंग के नजरिए से भी ये स्कीम आकर्षक बन रही हैं।

### किसके लिए हैं उपयुक्त?

- वे निवेशक जो मध्यम जोखिम के साथ बेहतर रिटर्न चाहते हैं
- वे लोग जिनके पास पोर्टफोलियो मैनेज करने का समय नहीं है
- रिटायरमेंट या दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए संतुलित निवेश चाहने वाले
- अस्थिर बाजार में पूंजी संरक्षण के साथ ग्रोथ चाहने वाले
- हर निवेशक की जरूरत और जोखिम क्षमता अलग होती है। इसलिए फंड चुनते समय यह देखना जरूरी है कि उसमें इक्विटी, डेट और कमोडिटी का अनुपात क्या है। कुछ फंड आक्रामक होते हैं जिनमें इक्विटी का हिस्सा ज्यादा होता है, जबकि कुछ अपेक्षाकृत रक्षात्मक रणनीति अपनाते हैं।

### क्या आगे भी बनी रहेगी चमक?

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव के माहौल में गोल्ड और सिल्वर जैसे सुरक्षित निवेश विकल्पों की मांग बनी रह सकती है। हालांकि, पिछले साल जैसी असाधारण तेजी हर साल मिले, यह जरूरी नहीं। इसलिए निवेशकों को केवल पिछले रिटर्न देखकर निर्णय नहीं लेना चाहिए, बल्कि अपने वित्तीय लक्ष्य और समयावधि के अनुसार रणनीति बनानी चाहिए।


## रिटायरमेंट के समय निवेश की बदल जाती हैं प्राथमिकताएं, महंगाई भी बड़ी चुनौती

# सीनियर सिटीजंस के लिए म्यूचुअल फंड सबसे सुरक्षित व फायदेमंद
# रिटायरमेंट के बाद नहीं होगी कोई परेशानी, आराम से कटेगा बुढ़ापा

पूंजी को सुरक्षित रखते हुए बनाना होता है नियमित कैश फ्लो

तैयारी
सेंट्रल डेस्क

रिटायरमेंट के बाद जिंदगी का सबसे अहम सवाल होता है क्या नियमित आय बनी रहेगी और क्या जमा पूंजी सुरक्षित रहेगी? नौकरी के दौरान हर महीने सैलरी आती है, लेकिन रिटायरमेंट के बाद वही आय पेंशन, ब्याज या निवेश पर निर्भर हो जाती है। ऐसे में सिर्फ पैसा बचाकर रखना काफी नहीं होता, बल्कि उसे समझदारी से निवेश करना जरूरी हो जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सीनियर सिटीजंस के लिए ऐसे म्यूचुअल फंड्स बेहतर विकल्प हो सकते हैं, जो कम जोखिम के साथ स्थिर रिटर्न और नियमित आय की सुविधा दें। रिटायरमेंट के समय निवेश की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। अब लक्ष्य तेजी से पैसा बढ़ाना नहीं, बल्कि पूंजी को सुरक्षित रखते हुए नियमित कैश फ्लो बनाना होता है। साथ ही महंगाई भी एक बड़ी चुनौती है। अगर पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट या पारंपरिक फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में रखा जाए, तो महंगाई की वजह से उसकी वास्तविक क्रय शक्ति घट सकती है। इसलिए ऐसी रणनीति जरूरी है जो जोखिम को सीमित रखते हुए लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न दे सके। वित्तीय सलाहकारों के अनुसार, सीनियर सिटीजंस के लिए कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स, इक्विटी सेविंग्स फंड्स और बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स जैसे विकल्प संतुलित निवेश का रास्ता दिखाते हैं। इन फंड्स के साथ सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) जोड़ दिया जाए तो हर महीने नियमित आय भी सुनिश्चित की जा सकती है।



### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्सः मार्केट के हिसाब से एसेट एलोकेशन

बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स या डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड्स बाजार की स्थिति के अनुसार इक्विटी और डेट में निवेश का अनुपात बदलते रहते हैं। जब बाजार महंगा या जोखिमपूर्ण दिखता है, तो फंड मैनेजर इक्विटी एक्सपोजर घटाकर डेट में निवेश बढ़ा देते हैं। वहीं बाजार में गिरावट के समय इक्विटी हिस्सा बढ़ाया जाता है। इस रणनीति का फायदा यह है कि निवेशक को बाजार के समय का अनुमान लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। फंड मैनेजर खुद जोखिम को मैनेज करता है। रिटायरमेंट के बाद ऐसे फंड्स निवेशकों को अपेक्षाकृत कम उतार-चढ़ाव के साथ लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देने का प्रयास करते हैं।

### किन बातों का रखें ध्यान?

हालांकि ये फंड्स अपेक्षाकृत कम जोखिम वाले माने जाते हैं, फिर भी निवेश से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है

**जोखिम प्रोफाइल समझेंः** हर व्यक्ति की जोखिम लेने की क्षमता अलग होती है।

**एसेट एलोकेशन तय करें**

- **आपातकालीन फंड रखें :** कम से कम 6 से 12 महीने का खर्च लिक्विड फंड या सेविंग अकाउंट में रखें।
- **टैक्स प्लानिंग करें :** निकासी और कैपिटल गेन पर लगने वाले टैक्स को समझें।
- **वित्तीय सलाह लें :** किसी प्रमाणित वित्तीय सलाहकार से सलाह लेना फायदेमंद हो सकता है।

### कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स : सुरक्षा के साथ सीमित ग्रोथ

रिटायर्ड निवेशकों के लिए कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स एक लोकप्रिय विकल्प बन रहे हैं। इन फंड्स में आमतौर पर 75 से 90 प्रतिशत हिस्सा डेट इंस्ट्रूमेंट्स जैसे सरकारी बॉन्ड, कॉर्पोरेट बॉन्ड और अन्य फिक्स्ड इनकम साधनों में निवेश किया जाता है। बाकी 10 से 25 प्रतिशत हिस्सा इक्विटी में लगाया जाता है। डेट हिस्से की वजह से पोर्टफोलियो में स्थिरता बनी रहती है, जबकि सीमित इक्विटी एक्सपोजर महंगाई से मुकाबला करने में मदद करता है। यही वजह है कि जोखिम लेने से बचने वाले सीनियर सिटीजंस के लिए ये फंड्स एफडी की तुलना में बेहतर रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं, साथ ही उतार-चढ़ाव भी नियंत्रित रहता है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि ये भी बाजार आधारित उत्पाद हैं। इनमें रिटर्न की गारंटी नहीं होती, लेकिन लंबे समय में संतुलित प्रदर्शन देखने को मिला है।

### इक्विटी सेविंग्स फंड्स : संतुलन और टैक्स एफिशिएंसी

इक्विटी सेविंग्स फंड्स उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपयुक्त माने जाते हैं, जो 3 से 5 साल की मध्यम अवधि के लिए निवेश करना चाहते हैं। इन फंड्स की खासियत यह है कि ये इक्विटी, डेट और आर्बिट्राज रणनीति के बीच संतुलन बनाते हैं। आर्बिट्राज का मतलब है बाजार के अलग-अलग सेगमेंट में कीमतों के अंतर का फायदा उठाना। इससे फंड को अपेक्षाकृत कम जोखिम के साथ रिटर्न कमाने का मौका मिलता है। चूंकि ये फंड्स इक्विटी कैटेगरी में आते हैं, इसलिए टैक्सेशन के लिहाज से भी निवेशकों को फायदा मिल सकता है। प्योर इक्विटी फंड्स की तुलना में इनका उतार-चढ़ाव कम होता है। यही कारण है कि जो सीनियर सिटीजंस पूरी तरह इक्विटी में निवेश नहीं करना चाहते, लेकिन एफडी से थोड़ा ज्यादा रिटर्न चाहते हैं, उनके लिए यह एक संतुलित विकल्प हो सकता है।

### एसडब्ल्यूपी : पेंशन जैसा नियमित कैश फ्लो

सिर्फ निवेश करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उससे नियमित आय निकालने की व्यवस्था भी जरूरी है। यहां सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। एसडब्ल्यूपी के तहत निवेशक एकमुश्त राशि किसी हाइब्रिड या बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में लगाते हैं और फिर हर महीने एक निश्चित रकम निकालते रहते हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी वरिष्ठ नागरिक ने 20 लाख रुपये निवेश किए हैं और वे हर महीने 15,000 रुपये निकालना चाहते हैं, तो एसडब्ल्यूपी के जरिए यह संभव है। शेष राशि बाजार में निवेशित रहती है और संभावित रूप से बढ़ती भी रहती है। इस तरह निवेशक को पेंशन जैसी नियमित आय मिलती है और पूंजी भी धीरे-धीरे खत्म होने के बजाय काम करती रहती है। एसडब्ल्यूपी का एक बड़ा फायदा यह भी है कि यह वित्तीय अनुशासन बनाए रखता है। निवेशक जरूरत से ज्यादा रकम नहीं निकालते और लंबी अवधि तक फंड बना रहता है।



## सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट के लिए क्यों बढ़ रहा पैसिव फंड्स का क्रेज?

बचत
सेंट्रल डेस्क

क्या आप भी आईटी या बैंकिंग सेक्टर की तेजी का फायदा उठाना चाहते हैं, लेकिन स्टॉक चुनने में उलझे हैं? तो आप अकेले नहीं हैं। बदलते निवेश ट्रेंड्स के बीच, अब निवेशकों के लिए एक स्मार्ट और आसान तरीका सामने आया हैः पैसिव म्यूचुअल फंड्स। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के अनुसार, पैसिव फंड्स अब सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट को बेहद आसान बना रहे हैं, और इसने निवेशकों के बीच इसका क्रेज तेजी से बढ़ाया है। इस लेख में हम जानेंगे कि पैसिव फंड्स की बढ़ती लोकप्रियता के पीछे क्या कारण हैं और कैसे यह निवेशकों को सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट में एक बेहतरीन विकल्प दे रहे हैं।

### पैसिव फंड्स की बढ़ती लोकप्रियता

आज के निवेश माहौल में, जहां अनिश्चितताएं और बाजार के उतार-चढ़ाव सामान्य हो गए हैं, निवेशक अपनी निवेश रणनीतियों को सरल, सस्ते और सुरक्षित बनाने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पैसिव फंड्स का एक प्रमुख लाभ यह है कि ये कम लागत, अच्छी पारदर्शिता, और कम जोखिम के साथ निवेश के एक बेहतरीन तरीके के रूप में उभर रहे हैं। पैसिव म्यूचुअल फंड्स अब निवेशकों के लिए एक बहुत ही आकर्षक विकल्प बन चुके हैं। ये न केवल सस्ते होते हैं, बल्कि सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट को भी आसान और सुरक्षित बना रहे हैं। पहले जहां किसी विशेष सेक्टर में निवेश करने के लिए काफी रिसर्च और स्टॉक चयन की आवश्यकता होती थी, वहीं पैसिव फंड्स ने इसे सरल बना दिया है। इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ के माध्यम से, निवेशक अब आसानी से किसी भी सेक्टर की ग्रोथ का फायदा उठा सकते हैं, चाहे वह आईटी, फार्मा, बैंकिंग, या कोई और सेक्टर हो।

### सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट क्यों है आसान?

पैसिव फंड्स का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह सीधे किसी इंडेक्स को फॉलो करता है, जैसे कि निफ्टी आईटी, निफ्टी बैंक, या निफ्टी फार्मा। इन फंड्स का मैनेजर केवल उस इंडेक्स में मौजूद स्टॉक्स में निवेश करता है, जैसा कि इंडेक्स में निर्धारित होता है। इससे निवेशक को स्टॉक्स के चयन में होने वाली गलती से बचने का फायदा मिलता है। माना कि आप मानते हैं कि आईटी सेक्टर आने वाले समय में अच्छा प्रदर्शन करेगा। अब, अगर आप इस सेक्टर में निवेश करना चाहते हैं, तो पहले आपको उसके कुछ प्रमुख स्टॉक्स का चुनाव करना पड़ता था। लेकिन अब पैसिव फंड्स के जरिए आप बिना किसी जोखिम के पूरे आईटी सेक्टर में निवेश कर सकते हैं। इसका मतलब है कि आप उस सेक्टर के सारे स्टॉक्स में निवेश कर रहे होते हैं, न कि केवल कुछ चुने हुए स्टॉक्स में। इससे, किसी एक स्टॉक के गलत चुनाव से होने वाले नुकसान का खतरा भी कम हो जाता है, आप पूरी इंडस्ट्री की ग्रोथ में शामिल होते हैं।

### कम लागत और पारदर्शिता का फायदा

अन्य कारण जो पैसिव फंड्स को निवेशकों के बीच अधिक लोकप्रिय बना रहा है, वह है इनकी कम लागत व पारदर्शिता। पैसिव फंड्स का एक्सपेंस रेशियो एक्टिव फंड्स के मुकाबले काफी कम होता है, जो निवेशक के लॉन्ग-टर्म रिटर्न पर सकारात्मक असर डालता है। पैसिव फंड्स में निवेशक को स्पष्ट रूप से पता होता है कि उनका पैसा किस-किस स्टॉक में निवेशित है, क्योंकि ये फंड्स किसी विशेष इंडेक्स का अनुसरण करते हैं। उदाहरण के लिए, निफ्टी आईटी इंडेक्स में जो 10-15 स्टॉक्स शामिल हैं, वे सभी पैसिव फंड में भी मौजूद होते हैं। इस पारदर्शिता की वजह से निवेशकों को ये फंड्स अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित लगते हैं। यही कारण है कि ये छोटे और नए निवेशकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन चुके हैं।

### सेक्टोरल कॉल्स लेने में रिस्क मैनेजमेंट

हालांकि, सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट में जोखिम हमेशा रहता है। किसी एक सेक्टर पर अधिक निर्भरता कभी भी नुकसानदायक हो सकती है, अगर वह सेक्टर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न करे। लेकिन पैसिव फंड्स के जरिए इस रिस्क को बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का मानना है कि पैसिव फंड्स के जरिए निवेशक अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई कर सकते हैं। सेक्टोरल फंड्स, जैसे कि आईटी, बैंकिंग, या फार्मा, इन क्षेत्रों में उछाल आने पर अच्छा रिटर्न देते हैं। इन फंड्स में निवेश करने से निवेशक उस पूरे सेक्टर के लाभ का पूरा फायदा उठा सकते हैं। साथ ही, इन फंड्स में लिक्विडिटी भी अच्छी होती है, यानी निवेशक अपनी स्थिति के हिसाब से आसानी से अपने निवेश को भुना सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर बैंकिंग सेक्टर में तेजी आती है और आपको लगता है कि यह काफी समय तक बढ़ेगा, तो आप बैंकिंग पैसिव फंड्स में निवेश कर सकते हैं। यदि किसी सेक्टर में गिरावट आती है, तो आप अपने निवेश को बदल सकते हैं और दूसरी सेक्टरल फंड में ले सकते हैं।

### पैसिव फंड्स का भविष्य

आज के निवेशकों के लिए, जिनके पास समय की कमी है और जो रिसर्च या स्टॉक चयन में उलझना नहीं चाहते, पैसिव फंड्स एक बेहतरीन समाधान हो सकते हैं। इन फंड्स में निवेश करने के द्वारा, निवेशक सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट का फायदा उठाते हुए कम लागत में अधिक पारदर्शिता और सुरक्षित तरीके से निवेश कर सकते हैं। यही कारण है कि ये फंड्स अब निवेशकों के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बन चुके हैं। वहीं, जैसे-जैसे बाजार और निवेश की दुनिया में बदलाव हो रहा है, पैसिव फंड्स का महत्व और बढ़ने की संभावना है। यह उन निवेशकों के लिए अच्छा विकल्प है जो आर्थिक बदलावों का फायदा उठाना चाहते हैं, लेकिन जोखिम से बचना भी चाहते हैं।

### इन्वेस्टमेंट को बेहद आसान

पैसिव फंड्स ने निवेशकों के लिए सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट को बेहद आसान और सुरक्षित बना दिया है। पहले जहां निवेशक को सेक्टोरल स्टॉक्स के चयन में काफी रिसर्च करनी पड़ती थी, वहीं अब पैसिव फंड्स ने इस काम को आसान बना दिया है। इसके जरिए निवेशक किसी भी खास सेक्टर में निवेश कर सकते हैं। कम लागत, पारदर्शिता व बेहतर रिस्क मैनेजमेंट की वजह से पैसिव फंड्स अब निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। चाहे आप आईटी सेक्टर में निवेश करना चाहते हों या बैंकिंग सेक्टर की तेजी का फायदा उठाना चाहते हों, पैसिव फंड्स आपको इसे सरल और प्रभावी तरीके से करने का मौका दे रहे हैं।

# हिंदू आबादी में गिरावट चिंता का विषय

## लोकहित मंच ने किया हिंदू सम्मेलन, पंच परिवर्तन पर हुआ मंथन



हांसी। हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते काली कंबली वाले बाबा गणेश यादव



हांसी। कार्यक्रम में विचार रखते मुख्य वक्ता सुनील तिवारी।

- शहर की अनाज मंडी में काले कंबल वाले बाबा के सानिध्य में हुआ संपन्न हुआ हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सामाजिक संस्था लोकहित मंच द्वारा शनिवार को अनाज मंडी में काले कम्बल वाले बाबा के चिकित्सा शिविर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम काले कम्बल वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध बाबा गणेश यादव के सान्निध्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय चिंतक कृष्ण लांधडी उपस्थित रहे। गणेश यादव ने कहा कि आज हिंदू समाज जागरूक हो रहा है, लेकिन देश में जिस प्रकार हिंदू आबादी में गिरावट देखने को मिल रही है, वह चिंता का विषय है।

### पंच परिवर्तन विषय पर हुई चर्चा

वहीं मुख्य वक्ता कृष्ण लांधडी ने पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से चर्चा की। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिंदु धर्म के लोगों को स्वयं के धर्म को पूर्ण रूप से समझना जरूरी है। देश में अन्य धर्मों की जनसंख्या में निरंतर ईजाफा हो रहा है। वहीं, हिंदु धर्म की जनसंख्या में कम बढ़ौतरी दर्ज हो रही है। लोगों को पूर्ण जागरूक होना आवश्यक है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण यादव, प्रवीण गोदारा, हेमंत सोनी, रामनिवास, संदीप यादव, जयबीर यादव, सुनील दूहन, मनमोहन तायल आदि उपस्थित रहे।

## हिंदू धर्म की एकता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान

हिसार। हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने के लिए सर्व हिंदू समाज की ओर से सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक सर्व हिंदू महासम्मेलन का आयोजन पटेल नगर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एडवोकेट सुनील तिवारी रहे। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने पंच परिवर्तन इसमें मुख्य रूप से सामाजिक समरसता, जातीय भेदभाव को दूर करना, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व बोध और नागरिक शिष्टाचार रहा। समय-समय पर पारिवारिक कार्यक्रमों में सभी को सम्मिलित करने का आग्रह किया गया, पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें प्लास्टिक हटाना इत्यादि शामिल हैं। कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन पर जोर दिया गया जो भारतीय संस्कृति और परंपरा में कुटुंब के महत्व को रेखांकित करती है। सभी वक्ताओं ने जाति मुक्त भारतीय समाज की संकल्पना की बात कही और हिंदू धर्म की एकता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन समिती के सदस्य, एकता वाहिनी के अध्यक्ष पीयूष मेहता, श्याम, दर्शन, सुवंश, विभाग संघचालक पवन उपस्थित रहे। हिंदू एकता के इस महासम्मेलन में 500 से अधिक महिलाएं, पुरुष और बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## पारस इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर मानद उपाधि से सम्मानित



हिसार। नई दिल्ली सुप्रीम कोर्ट से पास इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट वी के मेनन भवन में भारत वर्चुअल यूनिवर्सिटी बंगलुरु के तत्वावधान में आयोजित यूनिवर्सिटी कन्वोकेशन सेरेमनी (लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड) में पारस इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार शर्मा को उनके अकाउंट के क्षेत्र में 30 वर्षों से उत्कृष्ट सेवा के लिए मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पशुपति नाथ मंदिर नेपाल के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि गौरी शंकर महाराज, विश्वविद्यालय के डीन टीएन स्वामी, विश्वद्यालय के निर्देशक दीपक गुप्ता व अन्य कई गणमान्य अतिथियों द्वारा दिया गया। पारस के डायरेक्टर सुरेंद्र शर्मा ने पिछले 30 वर्षों से अकाउंट्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कार्य किए। उनके मार्ग दर्शन में सैकड़ों विद्यार्थीयो ने सीए करके अपने जीवन को सफल बनाया है। इस अवसर पर डॉ. आरपीसी सिंघल, डॉ. राम बाबू सिंघल, डॉ. आरपी जैन, विवेक मनोचा, अरविंद झांब और मेधावी रंजन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एमएलए चंद्रप्रकाश ने विस में रखी ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



आदमपुर से विधायक चंद्रप्रकाश ने विधानसभा के बजट सत्र में ओबीसी के हक का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने ओबीसी के हितों की पैरवी करते हुए क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाने की मांग की। उन्होंने तथ्यों के साथ स्पष्ट किया कि वर्ष 2016 से वर्ष 2024 तक हरियाणा के पिछड़ा वर्ग को केंद्र सरकार के दिशा निर्देश अनुसार लाभ नहीं मिला। इस कारण लाखों छात्र व युवा उच्च शिक्षण संस्थानों में एडमिशन व सरकारी नौकरियों का फॉर्म भरने से वंचित रह गए। विधायक चंद्रप्रकाश ने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश सरकार के समक्ष मांग रखी कि ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा को 8 लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये से अधिक वार्षिक किया जाए ताकि ओबीसी समाज के किसी भी पात्र अभ्यर्थी को अपने अधिकारों से वंचित ना होना पड़े।

चंद्रप्रकाश ने तथ्यों के साथ विधानसभा में स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार की अधिसूचना में ओबीसी क्रीमीलेयर की वार्षिक आय सीमा में परिवार के अन्य आय स्त्रोतों को शामिल नहीं किया गया जबकि हरियाणा में वार्षिक आय सीमा में कृषि आय व मासिक वेतन सहित परिवार के सभी स्त्रोतों की आय शामिल होती रही। परिणामस्वरूप लोग इस लाभ से वंचित हो गए। नौकरियों के संदर्भ में भी लाभ नहीं मिला और आईआईटी, आईआईएम व डॉक्टरी आदि ज्यादा फीस वाले डिग्री कोर्स में ओबीसी समाज के छात्रों के एडमिशन नहीं हो पाए।

## श्री श्याम प्रभु का अद्भुत लक्ष्मी शृंगार ने मोहा श्रद्धालुओं का मन



हिसार। सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन मेला में शुक्ल द्वादशी के दिन शनिवार को भी श्री श्याम प्रभु का अद्भुत लक्ष्मी शृंगार किया गया। इस दौरान भक्तों की भारी भीड़ रही। भजन संध्या मे ग्वालियर से पहुंचे भजन गायक कान्हा व्यास और आशीष शर्मा ने जलती रहे खाटू वाले जोत तेरी जलती रहे, फाल्गुन शुक्ल द्वादशी उत्सव भारी होय मेरे बाबा के दरबार से खाली जाए ना कोई, मेरा एक साथी है बड़ा ही भोला भाला है आदि भजनों समां बांध दिया और लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुबह छप्पन भोग एवं खीर-चूरमा का भोग लगाकर भक्तों में वितरित किया गया। लोग 'हारे के सहारे का बाबा श्याम हमारा' का हाथों मे निशान लिए कतारों में लग बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। मेले को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए कमेटी के प्रधान दिनेश बिंदल, विनोद अग्रवाल, रामकुमार गोयल, त्रिलोक बंसल, रमेश मित्तल, ओम प्रकाश गोयल, आशीष जैन, विनोद गुप्ता, राकेश अग्रवाल 'मिंटू', दिनेश गोयल, महेंद्र जिंदल, राजकुमार जैन, सुभाष एवं विनोद उपस्थित रहे।

## श्याम नाम के जयकारों और मधुर भजनों से भक्तिमय हो उठा पूरा वातावरण

- हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारे लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना



न्यू सीआर स्कूल में शनिवार को प्रातःकाल स्कूल परिसर में भव्य सत्संग एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक शेखर शर्मा ने भजनों की अमृत वर्षा कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। श्याम नाम के जयकारों और मधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु झूमते-गाते हुए बाबा श्याम की भक्ति में लीन नजर आए। सत्संग के उपरांत सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर शोभायात्रा के रूप में श्री श्याम मंदिर की ओर प्रस्थान कर गए। यात्रा स्कूल परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार और मंडी क्षेत्र से होती हुई मंदिर पहुंची। रास्ते भर हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से नगर गूंज उठा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से निशान अर्पित किए और बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## धर्म के प्रति निष्ठा न होने पर मनुष्य नहीं होता धार्मिकः महाराज



हिसार। आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा एवं समस्त हरि शरणम् परिवार के तत्वाधान में गीता भवन मंदिर, रामपुरा मोहल्ला में चल रहे ब्रह्म ज्ञान सत्संग के तीसरे व अंतिम दिन कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि आज विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है लेकिन मनुष्य की चेतना नीचे ही चली जा रही है। मनुष्य के पास शांति नहीं है। पति-पत्नी में रोजाना अनेक बातों को लेकर झगड़े हो रहे हैं। परिवारों में खटास पैदा हो रही है लेकिन कोई अपनी गलती मानने को तैयार नहीं है। कोई भी मनुष्य दुखी नहीं होना चाहता किंतु अशांति मनुष्य का पीछा नहीं छोड़ रही। उन्होंने कहा कि हम सभी के पास किताबी ज्ञान है। शास्त्रों का हमने केवल रटा मार लिया है। अपने जीवन में धारण नहीं किया। आज के दौर में गुरु किताबी ज्ञान तो दे रहे हैं किंतु अपना अनुभव किसी को नहीं दे रहे। अतः अनुभव ही ज्ञान है। धर्म के प्रति अगर निष्ठा न हो तो मनुष्य धार्मिक नहीं होता। गीता का प्रयास है कि मनुष्य की अज्ञानता मिटाई जाए। किसी भी मनुष्य को ज्ञान, सत्य का संग केवल सत्संग से ही होगा। समस्त हरि शरणम परिवार के संयोजक सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट ने बताया कि इससे पूर्व कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज का मंदिर के प्रांगण में पहुंचने पर सेवकों द्वारा स्वागत किया गया।

**प्रसिद्धि** गुजवि की शोधार्थी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि

## अंतरराष्ट्रीय जर्नल ऑफ मैग्नीशियम एंड एलॉयज में प्रकाशित हुआ शोध

- भौतिक विभाग की शोधार्थी कनिका रानी ने मैटेरियल सांइस में क्यू1 कैटेगरी में 138 इंपेक्ट फैक्टर पर किया शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। शोधार्थी कनिका रानी को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की शोधार्थी कनिका रानी का महत्वपूर्ण शोध पत्र मैटेरियल्स साइंस के क्षेत्र में क्यू1 कैटेगरी में 13.8 इम्पेक्ट फेक्टर के साथ विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय जर्नल ऑफ मैग्नीशियम एंड एलॉयज में प्रकाशित हुआ है। यह शोध प्रो. नीतू अहलावत के मार्गदर्शन तथा प्रो. आरएस कुंडू के सह-मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रो. नीतू अहलावत ने सह-शोधार्थियों के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मिलकर विश्वस्तरीय शोध के लिए जरूरी सुविधाएं, उपकरण व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर प्रो. नीतू अहलावत व कनिका रानी को बधाई दी तथा सभी सह-शोधार्थिओं का मनोबल बढ़ाया। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी कनिका रानी व सभी सह शोधार्थियों को बधाई देते हुए इस उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर कनिका रानी, आरती अहलावत, दीपक सैनी, अचला व पूजा उपस्थित रहे। प्रो. नीतू अहलावत ने बताया कि कनिका रानी भौतिकी विभाग में 13.8 इम्पेक्ट फेक्टर के साथ एससीआई जर्नल में शोधपत्र प्रकाशित करने वाली पहली शोधार्थी है और यह उपलब्धि न केवल भौतिकी विभाग बल्कि पूरे संस्थान के लिए सम्मान का क्षण है।

## केजरीवाल व सिसोदिया के आरोपमुक्त होने पर आप ने भाजपा पर साधा निशाना

**सत्य की जीत, साजिश हुई बेनकाबः राजेंद्र**

हांसी। दिल्ली की सीबीआई कोर्ट द्वारा शुक्रवार को आप नेता अरविंद केजरीवाल एवं मनीष सिसोदिया सहित अन्य सभी 23 आप नेताओं को आरोप-मुक्त किए जाने पर लड्डू बांटकर खुशी व प्रसन्नता व्यक्त की गई। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में आप जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि यह फैसला केवल आप शीर्ष नेताओं की ही जीत नहीं, बल्कि सत्य, संविधान और ईमानदार राजनीति की जीत है। उन्होंने कहा भाजपा ने केवल मात्र एक आधे अधूरे प्रदेश में सत्ता की चाह के लिये अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को झूठे मामलों में फंसाकर पाप कर्म किया है, जिसका खामियाजा आने वाले समय में भाजपा को भुगतना पड़ेगा। सोरखी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने राजनीतिक द्वेष की भावना से केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया। सीबीआई और ईडी के माध्यम से आम आदमी पार्टी के नेताओं को बदनाम करने का प्रयास किया गया, लेकिन न्यायालय के निर्णय ने सभी आरोपों को ही निराधार साबित कर सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ ही कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला बताता है कि सच्चाई को कुछ समय के लिए दबाया जा सकता है, लेकिन उसे हराया नहीं जा सकता।

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय किसान सभा ने की बैठक

बरवाला। अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी बरवाला की मीटिंग मास्टर कर्मवीर जालंधरा की अध्यक्षता में हुई और संचालन सत्यवान रेड्डू ने किया। इस मीटिंग में केंद्र सरकार की मुक्त व्यापार समझौतों की नीति की आलोचना की गई, जो किसानों को बर्बाद करने वाली है। मास्टर कर्मवीर जालंधरा ने कहा कि केंद्र सरकार अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय यूनियन के देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रही है, जिससे देश के किसानों को नुकसान होगा। सस्ते कृषि उत्पादों का आयात बढ़ने से किसानों को अपनी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिलेगा। इस अवसर पर मास्टर कर्मवीर जालंधरा, सत्यवान रेड्डू, श्रवण ढाणी गारण, रोहतास राजली, मोहनलाल राजली, जीतू सरदाना व उदय सिंह आदि मौजूद रहे।

### अभा साहित्य परिषद ने की काव्य गोष्ठी

हांसी। नित्य कला धारा एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई के संयुक्त तत्वावधान तथा वरिष्ठ साहित्यकार प्रवीण फकीर के नेतृत्व में शनिवार को साहित्य-सुगंधित काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कल्याण मंत्र के साथ किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक एवं काव्यमय हो उठा। समारोह में सुरेश कलाकार लोहारू ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील कुमार तथा मंच संचालन खुशबू द्वारा किया गया। समारोह में हिसार, हांसी एवं रोहतक के अनेक कवियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। गोष्ठी में विविध भावों से ओतप्रोत रचनाएं प्रस्तुत की गईं।

### ई-फाइलिंग एवं जीएसटी पर हुआ व्याख्यान

बरवाला। राजकीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में आयकर रिटर्न की ई-फाइलिंग एवं जीएसटी विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट लोकेश कुमार ने सहभागिता की। उन्होंने आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के माध्यम से आयकर रिटर्न की ई-फाइलिंग की चरणबद्ध प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम में संस्थान के कार्यवाहक प्राचार्य अनूप सिंह ने मुख्य वक्ता का आभार जताया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग से डॉक्टर श्वेता, आशीष कुमार, पंकज कुमार, सुनील कुमार, राहुल व ईदिश उपस्थित रहे।

### स्मॉल वंडर स्कूल में हुई एनुअल स्पोर्ट्स मीट

हिसार। स्मॉल वंडर स्कूल सेक्टर 15 में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से यूकेजी के लगभग 400 बच्चों ने पार्टिसिपेट किया। उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस आयोजन में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और विभिन्न खेलों में अपनी जगह बनाई। इस स्पोर्ट्स मीट में शामिल खेल प्रतियोगिताओं में हुडल रेस, जेली फिश रेस, कलेक्ट द थिंग्स, बुक बेलेंसिंग रेस, पजल रेस आदि शामिल थे। बच्चों ने अपनी टीम के साथ मिलकर रेस में भाग लिया तथा अपनी संतुलन और ध्यान का प्रदर्शन किया अपनी गति एवं स्फूर्ति का प्रदर्शन किया।

### निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया

हिसार। दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में गोयल परिवार के सहयोग से सेवार्थ भाव से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 21 बुजुर्गों का अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई। इस दौरान आयोजित कृत्रिम अंग वितरण शिविर में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी निशुल्क उपलब्ध करवाए गए। निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर में डोरा ऑफसेट वाले ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, गोयल कंस्ट्रक्शन जयपुर वाले पुरुषोत्तम गोयल व प्रेम गोयल, डरिक्स वाले विनोद गोयल, राजदरबार वाले सोनू गोयल व बड़ोपल गोशाला वाले रण सिंह का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### नई तकनीकों को अपनाते रहें विद्यार्थी : प्रो. राणा



हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस विभाग, की ओर से आयोजित पांच दिवसीय हैंड्स-ऑन वर्कशॉप सम्पन्न हो गई। समापन समारोह में कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रोफेसर संदीप राणा मुख्य अतिथि रहे जबकि अध्यक्षता आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार ने की। रिसोर्स पर्सन डॉ. प्रवेश बिश्नोई रहे। प्रो. संदीप राणा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से निरंतर नई-नई तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया, ताकि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और अधिक सुदृढ़ हो सके। स्वागत संबोधन में प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बड़े स्तर पर डेटा सेंटर स्थापित हो रहे हैं। कार्यशाला कोऑर्डिनेट डॉक्टर अमनदीप द्वारा पांच-दिवसीय कार्यशाला की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

### साइबर अपराध पर छात्रों को किया जागरूक



हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की फिजिक्स एसोसिएशन की ओर से साइबर क्राइम सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। वरिष्ठ साइबर क्राइम अधिकारी विकास कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों, वास्तविक उदाहरणों और बचाव के उपायों पर जानकारी दी। सत्र संवादात्मक रहा और प्रश्न–उत्तर चरण में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. राजेन्द्र सिंह कुंडू ने की। डॉ. रमेश कुमार बिबियान, डॉ. विवेक गुप्ता, डॉ. रवि भाटिया, डॉ. साहिल, डॉ. वंदना नागल, डॉ. जोगिंदर और श्री अनूप आदि उपस्थित रहे।

### शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया



हांसी। शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा शनिवार को किशोरी नागपाल के नेतृत्व में बजरंग आश्रम में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद का 120वां बलिदान दिवस श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर किशोरी नागपाल ने कहा कि छोटी-सी आयु में अपनी जान की कुर्बानी देने वालों को भारत आजाद करवा कर क्या मिला, क्योंकि उन सबका आनन्द तो आमजन ले रहा है, आज आजादी की हवा में हम उनकी बदौलत ही सांस ले रहे है। इस अवसर पर कश्मीरी लाल ग्रोवर, राजकुमार जांगड़ा, संजय मुंजाल, राजकुमार, विजयपाल शास्त्री, के.एल. ग्रोवर, कमल किशोर शास्त्री, हंसराज खेत्रपाल, रामस्वरूप खट्टर, तुलसी दास, फतेह सिंह गुर्जर, बंसी लाल छाबड़ा व कालू राम आदि उपस्थित थे।

### युवा क्लब ने मनाया चंद्रशेखर का बलिदान दिवस



आदमपुर। युवा भारत हिसार के तत्वाधान में युवा स्पोर्ट्स क्लब व सुभाष चंद्रा फाउंडेशन फुटबॉल टीम गांव खासा महाजन द्वारा महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का 95वां बलिदान दिवस मनाया गया। कोषाध्यक्ष कृष्ण फगेडिया ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद की भारत को आजाद करने में उनकी अहम भूमिका रही। युवा क्लब सदस्यों ने घी के दिए जलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हमें शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए : शर्मा



हिसार। भगवान परशुराम जन सेवा समिति की ओर से ब्रह्म संस्कृत पाठशाला में समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा की अध्यक्षता में शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शिक्षाविद् हिमांशु शर्मा ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के जीवन व उनकी शहादत पर प्रकाश डाला। एचके शर्मा ने कहा कि हमें देश की रक्षा व राष्ट्र हित पहले सोचना चाहिए। शहीद चंद्रशेखर आजाद द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर संस्थापक योगेंद्र शर्मा, पूर्व पार्षद पंकज दीवान, पूर्व पार्षद उमेद खन्ना, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा, विकास गौड़, जिला सचिव पिंकी शर्मा, दीपक जोशी, सुखबीर, हवासिंह शर्मा, महेन्द्र, ऋतुराज सिंह, बाबूलाल मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने जानी औषधीय पौधों की उपयोगिता



हिसार। महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज भिवानी रोहिल्ला के 29 विद्यार्थियों ने सीएसआईआर लखनऊ में उद्यमिता विकास आधारित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को अगरबत्ती, मोमबत्ती तथा जैविक गुलाब जल निर्माण की जानकारी प्रदान की गई। विशेष सत्र में डॉ. सुदीप टंडन द्वारा जैविक गुलाब जल निर्माण की वैज्ञानिक प्रक्रिया पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर्य ने औषधीय पौधों की उपयोगिता पर गिलोय, तुलसी, काली मिर्च, बेलपत्र, ईसबगोल एवं अश्वगंधा जैसे प्रमुख पौधों की खेती, संरक्षण तथा प्रसंस्करण तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के रूप में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल, जनेश्वर मिश्र उद्यान व गोमती तट उद्यान का अवलोकन कराया गया। प्राध्यापिका ज्योति वर्मा व ज्योति दहिया के नेतृत्व में 29 छात्राओं के दल ने इस प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।

खबर संक्षेप

### भजन लाल परिवार होली अपनों के बीच मनाएगा

**आदमपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली पर्व परिवार समेत आदमपुर में अपनों के बीच मनाएंगे। 4 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे तक वे आदमपुर अनाज मंडी दुकान नं. 107 के सामने पूर्व विधायक रेनुका बिश्नोई, पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई, परी बिश्नोई, चैतन्य बिश्नोई, सृष्टि बिश्नोई, पौत्र वायु एवं पौत्री वेधा सहित परिवार के साथ आदमपुर में अपनों को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देंगे। विदित रहे कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. भजन लाल की तरह कुलदीप बिश्नोई एवं भव्य बिश्नोई भी दिवाली हो या होली का त्योहार हमेशा आदमपुर में अपने लोगों के बीच मनाते हैं।

### नारनौंद में किसान जागृति यात्रा का होगा स्वागत

**नारनौंद।** विश्व जाट महासभा की हांसी और हिसार इकाई के पदाधिकारियों ने एक मार्च को नारनौंद में 'किसान जागृति यात्रा' के स्वागत समारोह में विभिन्न राज्यों से आने वाले किसान नेताओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। किसान नेता बलवान लोहान और शीलू लोहान ने बताया कि आयोजित समारोह में विश्व जाट महासभा के सदस्यों और पदाधिकारियों में सुरेंद्र सिंह कुंडू प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपेंद्र सिंह डाटा, प्रदेश महासचिव, जोगेंद्र सिंह नांगल जिला अध्यक्ष हिसार, अनिल राठी जिला उपाध्यक्ष, रिंकू पंघाल, नवनीत, सुरेंद्र नलवा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। किसान जागृति यात्रा देश के विभिन्न राज्यों में किसानों को मिलने वाले उनके हकों के प्रति जागृत करती हुई एक मार्च को जींद से होती हुई दोपहर बाद नारनौंद पहुंचेगी। उसके बाद यात्रा में शामिल सभी लोगों का स्वागत कर उनको सम्मानित किया जाएगा।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र की नई शाखा का शुभारंभ

**हिसार।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सेक्टर-13 में अपनी नई शाखा का विधिवत शुभारंभ किया। इस नई शाखा का उद्घाटन चंडीगढ़ अंचल के उप अंचल प्रबंधक (डीजेडएम) एलआर पात्रे ने मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक प्रीति, उप प्रबंधक अविन सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ग्राहकों तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए निरंतर विस्तार कर रहा है। सेक्टर-13 में खुली यह शाखा हरियाणा राज्य में बैंक की 70वीं और हिसार जिले की तीसरी शाखा है। इससे पहले हिसार में बैंक की दो शाखाएं ग्रीन स्क्वेयर मार्केट और हिसार कैंट के सामने सातरोड़ में सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दे रही हैं।

### ओबीसी समाज से रास में प्रत्याशी बनाने की मांग

**हिसार।** ओबीसी ब्रिगेड ने भाजपा तथा कांग्रेस से मांग की है कि पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति को राज्यसभा में भेजा जाए। ब्रिगेड के पदाधिकारियों ने दोनों दल को पत्र भी भेजा है। ओबीसी ब्रिगेड के अनुशासन कमेटी के चेयरमैन कर्ण सिंह रानोलिया व प्रदेश महासचिव डॉ. एसके बागोरिया ने बताया कि हमारे अथक प्रयास के बावजूद हरियाणा सरकार हमारे किसी भी मांग पर विचार नहीं कर रहे है। बागोरिया ने कहा कि सभी दल ओबीसी समाज को नजरअंदाज करते आए है। जिस भाजपा की सरकार को ओबीसी समाज ने भारी समर्थन देकर तीसरी बार जीतवाया है, पार्टी की सरकार जानबूझ कर ओबीसी समाज की किसी भी जायज मांग पर विचार नहीं कर रही है।

### होली पर श्रद्धा-भक्ति से ओतप्रोत सत्संग हुआ

**उकलाना।** होली के उपलक्ष्य में हांसी कुटिया में श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सुषमा बाई जी के सानिध्य में हुआ, जहां उन्होंने अपने मधुर वचनों और भजनों के माध्यम से सत्संग में अमृत वर्षा की। उनके प्रवचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। सत्संग के दौरान होली के पारंपरिक भजनों और फागों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय और रंगमय बना दिया। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर झूमते-नाचते नजर आए। विशेष रूप से महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर होली की खुशियों का इजहार किया।

सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत पर चलकर प्रदेश का विकास कर रही सरकार: भयाना

# 2 करोड़ रुपये से बनने वाली 7 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी




हांसी। धमाणा गांव में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते विधायक विनोद भयाना।

विधायक विनोद भयाना ने शनिवार को गांव धमाणा तथा हांसी शहर में 2 करोड़ रुपए लागत की सात विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने धमाणा गांव में आयोजित समारोह में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ व सबका विकास के सिद्धांत पर चलकर तेज गति से प्रदेश का सर्वांगीण विकास कर रही है।

विधायक ने धमाणा गांव में 18 लाख रुपये की लागत से बनी स्कूल की चार दिवारी, 10 लाख रुपये की लागत से बने वॉलीबॉल मैदान, 55 लाख की लागत से बनी तालाब की रिटेनिंग वॉल, 19 लाख 55 हजार रुपये की लागत से बनी गली के का उद्घाटन किया। विधायक ने बताया कि इन पांचों विकास परियोजनाओं पर एक करोड़ 20 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। इस अवसर ग्रामीणों ने गांव में अधूरे पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने, लाइब्रेरी स्थापित करवाने, ओपन जिम स्थापित करवाने, विद्यालय में साइकिल स्टैंड शेड बनवाने सहित कई विकास कार्यों की भी मांग की। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इन सभी कामों को पूर्ण करवाने के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी, विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, सुभाष यादव, विनोद सैनी, तनुज खुराना, नवीन ठाकुर, राजवाला, गोलू चावला, राजू बत्रा, मीनू मुआल, राजकुमार खुडिया, गुरदीप कुमार, मुकेश, बबल खुराना विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा, करतार सिंह अनूप सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### ट्रैक के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

इसके उपरांत विधायक ने शहर में धतरवाल अस्पताल के साथ 39 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गली, हुकुमचंद जैन पार्क में 38 लाख रुपये की लागत से बनने वाले ट्रैक के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि यह दोनों विकास कार्य आगामी 5 माह के अंदर पूर्ण करवा दिए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दोनों विकास परियोजनाओं का निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने तथा बढ़िया गुणवत्ता की निर्माण सामग्री प्रयुक्त करने के निर्देश दिए।

# निकेश सिवाच और नैंसी बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

गुरु दक्ष पॉलिटेक्निक में वार्षिक एथलेटिक्स मीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक में दो दिवसीय 29वीं वार्षिक एथलेटिक्स मीट का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। दो दिवसीय खेल समारोह में संस्थान के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लिया।

स्पर्धा में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थी निकेश सिवाच ने 8 स्वर्ण व 1 कांस्य पदक जीतकर सर्वश्रेष्ठ बालक खिलाड़ी का खिताब प्राप्त किया, जबकि फैशन टेक्नोलॉजी विभाग की छात्रा नैंसी ने 5 स्वर्ण व 3 रजत पदक जीतकर सर्वश्रेष्ठ बालिका खिलाड़ी का सम्मान पाया। इससे पूर्व उद्घाटन पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय पॉलिटेक्निक, छप्पार के प्रधानाचार्य गजेसिंह उपस्थित रहे। स्पर्धाओं में किड्स रेस, छात्र-स्टाफ रस्साकशी, महिला स्टाफ के लिए म्यूजिकल चेयर, एचकेआरएनएल कर्मचारियों की 400 मीटर विशेष दौड़ तथा शिक्षकों की दौड़ शामिल रहीं।

### जीवनशैली में अपनाएं खेल

समापन समारोह के मुख्य अतिथि भूपेन्द्र परिहार, भगतसिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नितिन गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को अधिकाधिक खेलों में भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर स्पोर्ट्स प्रेसिडेंट अरविंद कुमार, खेल प्रभारी संदीप ओला, डॉ. मुकेश बंसल, रजत टकराल तथा जयबीर ढुल आदि मौजूद रहे।

# 12 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में बिचौलिया पकड़ा

- राजथल निवासी सोमबीर उर्फ गुल्ली के रूप में हुई आरोपी की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीआईए स्टाफ नारनौंद ने 12 ग्राम हेरोइन प्रकरण में एक बिचौलिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजथल निवासी सोमबीर उर्फ गुल्ली के रूप में हुई है, जो सप्लायर और खरीदार के बीच संपर्क स्थापित करता था। सहायक उप निरीक्षक ने बताया कि यह मामला इस वर्ष 5 जनवरी को शुरू हुआ था, जब पुलिस टीम गश्त पर थी। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए विकास नामक युवक को पकड़ा था। उसकी तलाशी में 12 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### पूछताछ में खुलासा

पुलिस ने विकास के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। विकास से पूछताछ के दौरान सामने आया कि उसे हेरोइन की सप्लाई राजथल निवासी राकेश उर्फ केडी करता था। इस पर पुलिस ने राकेश को भी गिरफ्तार कर लिया और उसे भी कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। मामले की गहन जांच आगे बढ़ाने पर पुलिस को पता चला कि इस पूरे नेटवर्क में राजथल निवासी सोमबीर उर्फ गुल्ली बिचौलिए की भूमिका निभा रहा था। वह नशीले पदार्थ के सप्लायर और खरीदार के बीच कड़ी का काम करता था। पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने सोमबीर को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



हिसार। एनआईआरसी हिसार ब्रांच की नव गठित कमेटी के पदाधिकारी।

एनआईआरसी हिसार ब्रांच की कमेटी गठित

# अजय चेयरमैन व राजेश बने सचिव

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच की नई कमेटी का गठन सहमति से किया गया। सीए अजय गोयल को चेयरमैन, सीए विशेष भारद्वाज को वाइस चेयरमैन, सीए राजेश सिहाग को सचिव, सीए सुनील गोदारा को कोषाध्यक्ष व सीए प्रतीक आर्य को एनआईसीएएसए चेयरमैन का दायित्व सौंपा गया है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान एनआईआरसी हिसार ब्रांच के निवर्तमान चेयरमैन सीए अमन बंसल व अन्य निवर्तमान पदाधिकारी भी मौजूद रहे। नव नियुक्त चेयरमैन सीए अजय गोयल व समस्त पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा तय मानकों के अनुसार कार्य किया जाएगा।

# पोस्टर मेकिंग में राकेश कुमार प्रथम

- लुवास में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन
- पद्मश्री डॉ. दिगंबर बेहेरा ने व्याख्यान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

लुवास के अनुसंधान निदेशालय एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 'विज्ञान आधारित सुरक्षाः जूनोसिस से मिलकर मुकाबला' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल ने की।

डेयरी साइंस कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एसबी पाटिल तथा पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी में विभिन्न विशेषज्ञों ने जूनोटिक रोगों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। रेबीज विषय पर व्याख्यान डॉ. एस. इस्लूर (निदेशक, ओआईई संदर्भ सीवीए-रेबीज प्रयोगशाला, बेंगलुरु) द्वारा दिया गया।

ट्यूबरकुलोसिस पर व्याख्यान पद्मश्री एवं फुफ्फुस रोग विभाग, फोर्टिस, मोहाली के निदेशक डॉ. दिगंबर बेहेरा ने प्रस्तुत किया जबकि आईसीएआर-एनआईवीईडीआई, बेंगलुरु के वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. एम. नागलिंगम ने ब्रुसेलोसिस विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राकेश कुमार (चतुर्थ वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ऋचा (चतुर्थ वर्ष) द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान खुशी सिहाग को मिला, वहीं सांत्वना पुरस्कार रितु (चतुर्थ वर्ष) को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. तरुण गुप्ता एवं डॉ. मानसिंह ने किया, जबकि निर्णायक मंडल में डॉ. दिव्या एवं डॉ. जोशी शामिल रहे। मानव संसाधन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. सोनिया सिंधु ने इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की इंचार्ज के रूप में सक्रिय सहभागिता निभाई।

व्यापरियों ने की बैठक

### हरियाणा के इतिहास में सबसे बड़ा धान घोटाला : बजरंग गर्ग

**हिसार।** व्यापारी मंडल प्रदेश कोर कमेटी की मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में शहर के निजी होटल में हुई। मीटिंग में हरियाणा विधानसभा में धान घोटाले की चर्चा पर विचार किया गया। बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के इतिहास में धान घोटाला प्रदेश में सबसे बड़ा करोड़ों-अरबों रुपये का घोटाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में करोड़ों रुपये धान घोटाला प्रभावशाली नेता व अफसरों की मिलीभगत से हुआ है। गर्ग ने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2024-25 में सरकार ने 53 लाख 98 हजार मीट्रिक टन धान की सरकारी खरीदी की थी मगर 2025-26 में सरकार ने 62 लाख 13 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद की है जबकि हरियाणा में भारी बारिश व बाढ़ आने के कारण लगभग 35 प्रतिशत धान व अन्य फसल खराब हो गई थी। फसल खराब होने के बावजूद भी पहले से 9 लाख 15 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद ज्यादा करने से साफ तौर पर घोटाला दिख रहा है। उन्होंने कहा कि धान घोटाले की हाईकोर्ट के सीटिंग जज से जांच करवा कर घोटाले की रकम की वसूली करनी चाहिए।

# लोहारी राघो में शुरू हुआ हाईटेक डॉ. अंबेडकर लाइब्रेरी का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। गांव लोहारी राघो में जमीन मिलने की खुशी में मिठाई बांटते हुए ग्रामीण।

गांव लोहारी राघो शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मॉडल गांव बनने जा रहा है। शनिवार को गांव स्थित मोठ रोड पर हाइटेक व डिजिटल डॉ अंबेडकर लाइब्रेरी के निर्माण कार्य की विधिवत शुरूआत हो गई। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए शिक्षा क्रांति का शुभारंभ बताया। ग्राम पंचायत द्वारा लाइब्रेरी के लिए जमीन उपलब्ध करवाए जाने के बाद शनिवार को लाइब्रेरी कमेटी के सदस्यों ने खुशी का इजहार करते हुए लड्डू बांटे और सरपंच सोनू सरोहा व समस्त ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया। कमेटी सदस्य गुलशन कुमार व सोमनाथ संभरवाल ने बताया कि यह लाइब्रेरी ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का नया केंद्र बनेगी। यहां विद्यार्थियों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को दोहरा लाभ मिलेगा। कमेटी सदस्यों ने सरपंच सोनू सरोहा व ग्राम पंचायत का जमीन उपलब्ध करवाने पर धन्यवाद किया और ग्रामीणों से लाइब्रेरी निर्माण के लिए बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर सरपंच सोनू सरोहा, गुलशन कुमार, जोगराज नंबरदार व सोमनाथ संबरवाल, अजमेर सिंह, मनोज, राममेहर छाछिया, जसवंत सिंह, हरिकिशन उर्फ राजू, मनजीत, जसविंदर सिंह, हरजीत सिंह, संदीप कम्बोज, ईश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

**6 माह में तैयार करने का लक्ष्य:** लाइब्रेरी का निर्माण कार्य तेज गति से शुरू कर दिया गया है और इसे आगामी 6 माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। पूरी तरह हाईटेक व डिजिटल लाइब्रेरी होगी।विद्यार्थियों व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों के लिए विशेष सुविधाएं होंगी।

### पटेल नगर के मकान में चोरी की वारदात का दूसरा आरोपी दबोचा

**हिसार।** पीएलए पुलिस चौकी ने पटेल नगर स्थित मकान में चोरी की वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान पटेल नगर के ही विशाल के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में पुलिस ने पहले एक आरोपी बिहार के खगड़िया जिला के सैदपुर निवासी दिलीप को गिरफ्तार करके उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। पूछताछ में आरोपी ने अपने सहयोगी विशाल का नाम लिया, जिस पर पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल दूसरे आरोपी विशाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी विशाल के कब्जे से एक मोबाइल फोन व 1000 रुपये की पुरानी करेंसी बरामद की गई है।

पुलिस ने विशाल व पहले पकड़े गए दिलीप को दो दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि दिलीप के खिलाफ बिहार में आर्म्स एक्ट के तहत एक केस दर्ज है। पुलिस के अनुसार मकान में हुई चोरी के बारे में पटेल नगर निवासी संजय ने शिकायत दी थी।



### सीआएम जाट कॉलेज की खिलाड़ी बनीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष एवं खेल प्रभारी डॉ. महेश ख्यालिया ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन तमिलनाडु की अनामलाई यूनिवर्सिटी में 20 से 25 फरवरी तक हुआ जिसमें गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए महाविद्यालय की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की। चैंपियनशिप के फाइनल मैच में महाविद्यालय की खिलाड़ी रितु देवी के शानदार गोल के बलबूते गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ने यूनिवर्सिटी आफ कालीकट को हराया। विश्वविद्यालय की 22 सदस्यीय टीम में 17 खिलाड़ी सीआरएम जाट कॉलेज से हैं। आज महाविद्यालय पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने विजेता टीम की हौसला आफजाई की। प्राचार्य ने टीम की कप्तान अंजू व अन्य खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास के माध्यम से अपने खेल को बेहतर करते रहने की सीख दी। इस अवसर पर डॉ राजपाल सिंह, डॉ सरोज मलिक, डॉ स्वीटी जून, डॉ विनय कुमार, प्राध्यापिका हिमांशी, खेल प्रशिक्षक विनोद कुमार, नवीन कड़वासरा व प्रवीण राजौरिया मौजूद रहे।

# खुशी नर्सिंग कॉलेज कागसर की छात्राओं का धरना समाप्त

- सभी इच्छुक छात्राओं का होगा माइग्रेशन : विधायक

**हांसी।** नारनौंद उपमंडल के नर्सिंग कालेज की छात्राओं द्वारा अपनी मांगों को लेकर विधायक विनोद भयाना के आवास बाहर चलाया जा रहा धरना शनिवार को समाप्त हो गया। धरना समाप्ति के अवसर पर छात्राओं ने खुशी-खुशी धरना खत्म किया और माइग्रेशन की मांग पूरी करने पर विधायक विनोद भयाना के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। धरना समाप्ति के दौरान विधायक विनोद भयाना स्वयं मौके पर पहुंचे और छात्राओं को आश्वासन दिया कि कॉलेज की सभी इच्छुक छात्राओं का नियमानुसार माइग्रेशन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्राओं के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने दिया जाएगा और राज्य सरकार उनके हितों की पूरी तरह रक्षा करेगी। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि छात्रों से किए गए वादों को पूरा किया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि माइग्रेशन प्रक्रिया में छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी और प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ इस पूरे मामले की निगरानी करेगा।

धरना समाप्ति कार्यक्रम में खुशी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रशासक विकास यादव भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं के हित में लिया गया यह निर्णय उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

धरना समाप्त होने के बाद छात्राओं के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। छात्राओं ने कहा कि विधायक विनोद भयाना और जिला प्रशासन के सहयोग से उनकी समस्या का समाधान हुआ है, जिसके लिए वे सभी का धन्यवाद करती हैं।

सीएम सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास को नई गति मिली : सावित्री जिंदल

# विधायक ने किया पार्कों के नवीनीकरण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पौधरोपण करती विधायक सावित्री जिंदल।

विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत ढांचे के विकास को नई गति मिली है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक शहर और सेक्टर में नागरिकों को बेहतर, स्वच्छ एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी कड़ी में सेक्टर-33 के पार्कों का यह नवीनीकरण कार्य क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि सेक्टर-33 के पार्कों का आधुनिक स्वरूप क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। इस विकास परियोजना के अंतर्गत 9 पार्कों में रेन शेल्टर की स्थापना, 7 पार्कों में चेकरड टाइल फुटपाथ का निर्माण तथा 2 पार्कों में बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा। परियोजना की कुल अनुमानित लागत लगभग 210.30 लाख रुपये है तथा इसे तीन माह की निर्धारित अवधि में किया जाएगा।

इस अवसर पर हिसार मेयर प्रवीन पोपली, एचएसवीपी अधिकारियों में डिप्टी डायरेक्टर राजवीर, एसडीओ पवन, जेई सुरेन्द्र, पूर्व मेयर शकुन्तला राजलीवाला, जगदीश जिन्दल, वेद रावल, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद संजय डालमिया, पूर्व पार्षद टीनू जैन, डीएन सैनी, आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मवीर पान्नू, महा सचिव बलविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### विधायक ने शुरू किया टीकाकरण अभियान

**हिसार।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा देशभर में ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान चलाया गया है। महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल में भी शनिवार से 90 दिवसीय विशेष अभियान आरंभ हुआ। हिसार से विधायक सावित्री जिंदल ने अभियान का शुभारंभ किया। विशेष रूप से 14 वर्ष की किशोरियों के लिए संचालित इस अभियान के पहले दिन 15 किशोरियों ने टीकाकरण करवाया। सीएमओ डॉ सपना गहलावत ने बताया कि अभी यह अभियान जिला नागरिक अस्पताल में चलाया गया है। अगले सप्ताह सभी सब डिवीजन अस्पताल में भी अभियान के तहत टीकाकरण किया जाएगा। अभियान के नोडल अधिकारी डॉ दीपक चौधरी ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण के उपरांत कम से कम 30 मिनट तक चिकित्सकीय निगरानी आवश्यक है।

### हांसी में विधायक भयाना ने किया शुभारंभ

**हांसी।** विधायक विनोद भयाना ने शनिवार को नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी से बचाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अजमेर से एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी को जड़ खत्म करने में यह टीकाकरण अभियान अति महत्वपूर्ण साबित होगा। विधायक विनोद भयाना ने अभियान के शुभारंभ अवसर पर टीकाकरण करवाने वाली लड़कियों को सम्मानित भी किया।